आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 26.07.2026

समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात के कार्यक्रम के 136वें संस्करण के जरिए देशवासियों को संबोधित किया।
- श्री मोदी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ाने की अपील की है।
- वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय परीक्षाओं की शुचिता, गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठा रहा है।
- **और,** प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। देहरादून और बागेश्वर में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी गई ।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात के 136वें संस्करण के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कारगिल दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे जीवन में कुछ तारीख ऐसी होती हैं, जिन्हें याद करने के लिए कैलेंडर देखने की जरूरत नहीं होती। श्री मोदी ने कहा कि आज 26 जुलाई ऐसी ही तारीख है। यह दिन हमें गर्व से भर देता है, यह दिन हमें अपने वीर जवानों के अद्भुत साहस की याद दिलाता है।

श्री मोदी ने कैच द रैन अभियान की चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बारिश की हर बूँद को सहेजने के इस अभियान को जन–आंदोलन बनाएं। 4 जुलाई से देश–भर में एक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ाने की अपील की है। श्री मोदी ने कहा कि अपने घर पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराना है। प्रधानमंत्री ने आम जन से 15 अगस्त से पहले विचार और सुझाव MyGov पर साझा करने की भी अपील जारी की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026 के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे 400 से अधिक युवा प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026 का आयोजन पिछले महीने 4 से 30 जून तक दो चरणों में किया गया। इसके तहत लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 74 वाइब्रेंट गांवों को शामिल किया गया। कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों का चयन देशव्यापी ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया, जिसमें तीन लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने स्थानीय समुदायों के साथ रहकर

स्वच्छता अभियान, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता अभियान, युवा सम्मेलन, सांस्कृतिक आदान–प्रदान, वृक्षारोपण, मिनी मॉडल पंचायत जैसी गतिविधियों में भाग लिया।

## उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. तृप्ता ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय परीक्षाओं की शुचिता, गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब निजी कॉलेजों के शिक्षकों को प्रश्नपत्र निर्माण और परीक्षा से सम्बंधित अन्य गोपनीय कार्यों से दूर रखा जाएगा। कुलपति ने बताया कि हाल ही में सामने आए पेपर लीक प्रकरण को विश्वविद्यालय ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए परीक्षा नियंत्रक को उनके पद से हटा दिया गया है। साथ ही, एहतियात के तौर पर आरोपी निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षक द्वारा तैयार किया गया दूसरा प्रश्नपत्र भी निरस्त कर दिया गया है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर किसी प्रकार का प्रश्नचिह्न न लगे। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के हित सर्वोपरि हैं और विश्वविद्यालय निष्पक्ष एवं विश्वसनीय परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (आई.सी.एफ.टी.) ने 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होने वाले 57वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के लिए प्रविष्टियाँ आधिकारिक तौर पर खोल दी हैं। एशिया का सबसे पुराने फिल्म महोत्सव, इफ्फी में प्रमुख इंडियन पैनोरमा सेक्शन होगा, जिसमें 25 फीचर और 20 नॉन–फीचर फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा, नवोदित निर्देशकों और डिजिटल वेब सीरीज के लिए पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आई.सी.एफ.टी.– यूनेस्को गांधी मेडल सहित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए वैश्विक प्रविष्टियाँ भी खुली हैं। भारतीय श्रेणियों के लिए प्रविष्टियाँ अगस्त के मध्य में बंद हो जाएंगी, जबकि फिल्मफ्रीवे के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय प्रविष्टियाँ 31 अगस्त तक जमा की जा सकती हैं।

## कारगिल विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 1999 के कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह दिन ऑपरेशन विजय की सफल और कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। इस अभियान के दौरान, भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में उन क्षेत्रों को वापस हासिल किया था, जिन पर पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ की थी। मुख्य कार्यक्रम लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक में आयोजित किया जा रहा है।

**चमोली**

चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में आयोजित 27 वें कारगिल शहीद श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रशासन, पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिजनों और स्कूली बच्चों ने वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कारगिल शहीद सतीश चंद्र के पिता महेशनन्द सती बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पँवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, शहीदों के परिजन और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। चमोली के 11 वीर जवानों ने कारगिल युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

**शिक्षा मंत्री**

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को नया शिक्षा मंत्री बनाया गया है। उन्हें उनके मौजूदा विभागों के साथ–साथ शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रल्हाद जोशी फिलहाल उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे हैं। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

**हीरा सिंह बिष्ट**

पूर्व कैबिनेट मंत्री और उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता हीरा सिंह बिष्ट का देर रात हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हीरा सिंह बिष्ट के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार आज राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।
मौसम विभाग ने आज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि कल देहरादून और बागेश्वर में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आने वाले दिनों में भी विभिन्न स्थानों में भारी बारिश का यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने लोगों से नदी–नालों के समीप जाने से बचने, संवेदनशील व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यक होने पर ही यात्रा करने की अपील की है। चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी मौसम की ताज़ा जानकारी लेकर ही यात्रा करने की सलाह दी गई है।